<u>समाचार</u>

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक

बांकीमोंगरा कलस्टर में लेवल–3 की खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आगाज, राजस्व मंत्री ने कराया प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

कोरबा 06 नवम्बर 2022 – राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने नगर पालिक निगम कोरबा के बांकीमोंगरा कलस्टर जिसमें निगम के बांकीमोंगरा व सर्वमंगला जोन के साथ नगर पालिका दीपका व नगर पंचायत पाली शामिल हैं, में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के लेवल–3 की खेल प्रतियोगिताओं का विधिवत शुभारंभ कराया। इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद विशेष रूप से उपस्थित थे।

राज्य शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के विभिन्न स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन राजीव युवा मितान क्लब के आयोजकत्व में किया जा रहा है। वार्ड स्तरीय व जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के सम्पन्न किए जाने के पश्चात अब लेवल–3 की कलस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं, इसी कड़ी में शनिवार को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने निगम के वार्ड क्र. 59 स्थित जे.आर.सी. ग्राउण्ड में बांकीमोंगरा कलस्टर में खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ कराया, इस कलस्टर में निगम के सर्वमंगला व बांकीमोंगरा जोन साथ–साथ नगर पालिका दीपका व नगर पंचायत पाली को भी शामिल किया गया है। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने इस मौके पर विभिन्न खेल विधाओं के उपस्थित खिलाड़ियों को अपनी बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे खिलाड़ी भावना के साथ खेल खेले तथा अपने खेल कौशल का अच्छा प्रदर्शन करें। उन्होने कहा कि खेल में हार–जीत मायने नहीं रखती, खेल हमेशा खेल भावना के साथ खेलना चाहिए तथा अपना बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक से पूरे प्रदेश में खेल का वातावरण निर्मित हुआ है, विशेषकर पारंपरिक खेलों के प्रति लोगों में अच्छा उत्साह देखा जा रहा है।

85 खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार – कुसमुण्डा के जे.आर.सी.ग्राउण्ड में आयोजित बांकीमोंगरा कलस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के शुभारंभ अवसर पर राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने विभिन्न खेल विधाओं से जुड़े बांकीमोंगरा कलस्टर के 85 खिलाड़ियों को 200–200 रूपये की नकद राशि से पुरस्कृत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

खेल प्रतियोगिताओं में शामिल हैं, 14 खेल विधाएँ – राज्य सरकार के निर्देशानुसार इन खेल प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेलों से संबंधित 14 खेल विधाएँ शामिल हैं, इनमें गिल्ली डंडा, पिठ्यूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कब्बड़ी, खो–खो, रस्सा कसी, बाटी (कंचा), बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़ एवं लम्बी कूद आदि खेल विधाओं पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य अमरजीत सिंह, श्रुति कुलदीप, पार्षद बसंत चन्द्रा, पवन गुप्ता, एल्डरमेन गीता गभेल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सनीश कुमार, उपायुक्त पवन वर्मा, जोन कमिश्नर तपन तिवारी, प्रदीप पुरायण, मयंक पाण्डेय, श्यामबती, बजरंग दास महंत, रोहित कुमार, नरेश कुमार, हरा बाई, शालिनी गभेल, अविनाश, राहुल पंडित, रामनारायण डडसेना, रविन्द्र यादव, शुभम गभेल, कल्पना, मेवा यादव, रीता पासवान, सुमित्रा यादव, फिरोज अंसारी, इरफान अहमद, संतोष यादव, उपेन्द्र सिंह, ज्ञानू पटेल आदि के साथ राजीव युवा मितान क्लब के अन्य पदाधिकारी व सदस्यगण एवं आमनागरिक उपस्थित थे।